राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–155/2024

अंगदान एवं देहदान को अभियान का रूप दें –राज्यपाल

पटना, 11 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने द्वितीय राष्ट्रीय अंगदान दिवस एवं दशम् अन्तर्राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर दधीचि देहदान समिति, बिहार द्वारा बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, गाँधी मैदान, पटना में आयोजित सम्मान व संकल्प समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देहदान एवं अंगदान के विषय को पूरे प्रदेश में अभियान का रूप देना चाहिए। इससे हम स्वयं जुड़ें और अपने अंगदान व देहदान का संकल्प लें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। हम सबकी यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि ऐसे कार्यों में अपना सहयोग दें।

उन्होंने दधीचि देहदान समिति, बिहार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसका कार्य पूरे समाज के लिए है तथा इसने हमारे समक्ष एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। राज्यपाल ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व० सुशील कुमार मोदी का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने दधीचि देहदान समिति एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं को पुष्पित एवं पल्लवित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि अंगदान एवं देहदान के माध्यम से हम मरणोपरान्त भी समाज के लोगों के लिए कुछ कर पाते हैं। अपने किसी प्रिय व्यक्ति या परिजन की मृत्यु के बाद उनके अंगों को दान करने के बाद महसूस होता है कि वे हमारे बीच अभी भी मौजूद हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि सरकार मशक्यूलर डिस्ट्रॉफी सेंटर के बारे में विचार कर रही है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने चिकित्सकों, अनाथ बच्चों को मदद करनेवालों, अन्य समाजसेवियों एवं देहदानी परिवारों के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने अंगदान एवं स्वास्थ्य से संबंधित श्री पवन केजरीवाल द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में अंगदान एवं देहदान से संबंधित सामूहिक संकल्प पाठ किया गया।

कार्यक्रम को माननीय स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल एवं दधीचि देहदान समिति के अध्यक्ष श्री गंगा प्रसाद, माननीय विधायक श्री संजीव चौरसिया, दधीचि देहदान समिति के महासचिव पद्मश्री श्री बिमल जैन आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष एवं वरीय नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ० सुभाष प्रसाद, भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल श्री एस० डी० संजय, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सकगण, दधीचि देहदान समिति से जुड़े समाजसेवी कार्यकर्त्तागण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....